# <u>संवाद लेखन</u>

विषय**:** मोबाइल का उपयोग पर पिता और पुत्र के बीच संवाद ।

पिता: बेटा, तुम मोबाइल पर इतना समय क्यों बिताते हो?
अजय: पिताजी, मैं दोस्तों के साथ चैट कर रहा था और थोड़े खेल खेल रहा था।
पिता: मोबाइल का इस्तेमाल बुरा नहीं है, लेकिन इसका अधिक प्रयोग नुकसानदायक है।
अजय: क्यों पिताजी?
पिता: ज्यादा समय मोबाइल पर बिताने से आँखों और दिमाग पर असर पड़ता है, पढ़ाई भी छूट जाती है।
अजय: जी पिताजी, लेकिन कभी-कभी ऑनलाइन पढ़ाई भी करनी होती है।
पिता: बिल्कुल सही, मोबाइल का उपयोग पढ़ाई और ज़रूरी काम के लिए करो। लेकिन खेल और चैटिंग पर कम समय दो।
अजय: जी पिताजी, अब मैं समय का ध्यान रखूँगा और मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करूँगा।
पिता: यही सही है। संतुलित उपयोग से ही मोबाइल लाभदायक बनता है।